Title: Need to declare Patna airport, an International Airport to boost export of Agricultural products. -Laid.

प्रो. अजीत कुमार मेहता (समस्तीपुर): उत्तर बिहार में हरी सब्जी का पर्याप्त उत्पादन होता है किन्तु उत्पादक कृषकों को विपणन की पर्याप्त सुविधा नहीं रहने से पर्याप्त लाभ नहीं प्राप्त होता है। पिछले वर्ष तो आलू का उत्पादन इतना अधिक हो गया कि किसानों को सड़े आलू को फेंकवाने के लिए भी मजदूर नहीं मिलता था। सरकार यदि पटना विमान पत्तन पर कारगो हैडलिंग या अन्य सुविधा की व्यवस्था कर इसे अंतर्राष्ट्रीय विमान पत्तन घोषित कर दे तो यहां से हरी सब्जी का निर्यात विदेशों में संभव हो जाएगा जिसकी वहां अत्यधिक मांग है। इससे उत्तरी बिहार के सब्जी उत्पादक किसानों को उचित पारिश्रमिक तो मिलेगा ही, देश के निर्यात में भी अभिवृद्धि होगी।

अतः मेरी मांग है कि पटना विमान पत्तन को अंतर्राष्ट्रीय विमान पत्तन शीघ्र बनाया जाए जिसके लिए पिछले वर्ष तात्कालीन नागरिक उड्डयन मंत्री ने आश्वासन भी दिया था।